प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
राष्ट्रीय महिला उद्यमी शिखर सम्मेलन (एनईडब्ल्यूएस) 2023 का आयोजन

पन्तनगर। 02 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय में आईडीपी नाहेप एवं उनकी टीम द्वारा उद्यमी महिलाओं जिनमें धैर्य, जुनून और अटूट आत्मविश्वास है, की सोच को प्रेरित करके विद्यार्थियों के बीच नवाचार को बढ़ावा देने हेतु आज राष्ट्रीय महिला उद्यमी शिखर सम्मेलन 2023 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, हेड इनोवेशन इन्क्यूबेशन एण्ड इन्टरप्रिन्योर सेल इन्द्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद एवं विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा डा. प्रियंका गुप्ता; अधिष्ठात्री मस्य विज्ञान डा. मालविका दास, अधिष्ठाता गृह विज्ञान डा. अल्का गोयल, समन्वयक, इनोवेशन इन्क्यूबेशन एण्ड इन्टरप्रिन्योर सेल, आईडीपी नाहेप डा. ए.के. उपाध्याय, नोडल अधिकारी, आईडीपी नाहेप डा. एस.के. गुरू एवं परियोजना अधिकारी, आईडीपी नाहेप डा. एस.के. कश्यप मंचासीन थे।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 54 से अधिक महिला उद्यमियों जिनमें कुछ विश्वविद्यालय के एल्यूमिनाई भी है, के साथ आईडीपी नाहेप की टीम, विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य, वैज्ञानिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

डा. के.पी. रावेरकर ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस सम्मेलन में आये हुए महिला उद्यमियों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को लाभ उठाना चाहिए और विद्यार्थियों को इनसे प्राप्त ज्ञान से उद्यमिता के क्षेत्र में एक सफल कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और उद्यम का यह संगम न केवल नौकरी के अवसरों को बढ़ावा देगा, बल्कि नई पीढ़ियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

सम्मेलन के प्रारम्भ में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं परियोजना अधिकारी, आईडीपी नाहेप डा. एस.के. कश्यप द्वारा सभी का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूप–रेखा बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने के उपरांत विद्यार्थी नौकरियों को खोजने की अपेक्षा स्वयं उद्यमी बने ऐसा विश्वविद्यालय का प्रयास रहा है। इसी क्रम में इस सम्मेलन का आयोजन एक पहल है और आशा करते है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थी भी महिला उद्यमियों के साथ आपसी सामंजस्य को बनाकर उनके हुनर को सीखेंगे और अपने जीवनकाल में उद्यमी बनने का प्रयास करेंगे। सम्मेलन में आए सभी महिला उद्यमियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा नाहेप की टीम को इस सम्मेलन के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

सम्मेलन में संबोधित करते कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर।

सभी महिला उद्यमियों के साथ अतिथिगण।

निदेशक संचार